UGC Approved Journal No – 40957

(IIJIF) Impact Factor- 5.172

Regd. No. : 1687-2006-2007 **ISSN 0974 - 7648**

J I G Y A S A

AN INTERDISCIPLINARY PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

Chief Editor : ***Indukant Dixit***

Executive Editor : ***Shashi Bhushan Poddar***

Editor
Reeta Yadav

Volume 15	September 2022	No. III

Published by
PODDAR FOUNDATION
Taranagar Colony
Chhittupur, BHU, Varanasi
www.jigyasabhu.com
E-mail : jigyasabhu@gmail.com
Mob. 9415390515, 0542 2366370

एक शोध उपकरण के रूप में राजनीतिक जागरूकता प्रश्नावली का निर्माण, इसका 100 न्यादर्शों पर प्रशासन एवं प्राप्तांकों का विश्लेषण (थारू जनजाति के विशेष संदर्भ में)

*आदित्य प्रताप सिंह***
*डॉ. आशीष कुमार लाल**

प्रस्तावना-

प्रस्तुत शोध पत्र अपने मूल शोध प्रबंध (देवी पाटन मंडल के थारु जनजाति में राजनीतिक जागरूकता का अध्ययन) एक सर्वेक्षणात्मक अनुसंधान है। इस प्रकार इस शोध पत्र के आकाड़ों के संकलन के लिए प्रश्नावली विधि अपनाई गई। शोध छात्र ने इस शोध पत्र में थारु जनजाति मे राजनीतिक जागरूकता के मापन के लिए प्रदतों के संकलन हेतु स्वनिर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया। यह शोध पत्र अपने निम्न उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए 40 प्रश्न वाले 100 प्रश्नावलियों को 100 न्यादर्शों के द्वारा दिए गए प्रतिउत्तरों के प्रमाणीकरण इनके सांख्यिकीय विश्लेषण एवं इनके अरेखीय एवं तलिकागत प्रस्तुतीकरण हेतु प्रकाशित किया जा रहा है -

1. थारु जनजाति के पुरुषों तथा महिलाओं में राजनीतिक जागरूकता का अध्ययन एवं तुलना।
2. थारु जनजाति के साक्षरों तथा निरक्षरों की राजनीतिक जागरूकता का अध्ययन एवं तुलना।

इस शोध लेख को अपने शोध प्रबंध(देवी पाटन मंडल के थारु जनजाति में राजनीतिक जागरूकता का अध्ययन) के प्रथम उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए लिपिबद्ध किया गया है।

40 प्रश्न वाले 100 प्रश्नावलियों के 100 न्यादर्शों के आइटम अनैलिसिस कठिनाई स्तर एवं औसत प्राप्तांक का निर्धारण-

"देवीपाटन मंडल में थारू जनजाति की राजनीतिक जागरूकता का एक अध्ययन" नामक शोध प्रबंध के अनुसार, हमने थारू जनजाति के प्रतिनिधि नमूने से प्राप्त 100 प्रश्नावली का मूल्यांकन किया। प्रश्नावली में

** शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग, एम.एल.के.पी.जी. कालेज बलरामपुर
* असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, एम.एल.के.पी.जी. कालेज बलरामपुर

दो-बिंदु पैमाने का उपयोग किया गया, जिससे उत्तरदाताओं को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर हां या ना में देने का विकल्प मिला। प्रत्येक **हाँ** प्रतिक्रिया को एक अंक दिया गया, जबकि **नहीं** को शून्य अंक मिला। इस प्रक्रिया के दौरान नकारात्मक अंकन का प्रयोग नहीं किया गया। 27 उच्च स्कोरिंग प्रश्नावलियों को समूह 1 के रूप में पहचाना गया, जबकि 27 निम्न स्कोरिंग प्रश्नावलियों को समूह 2 के रूप में नामित किया गया। समूह 1 में उच्च स्कोरिंग उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं का उपयोग प्रत्येक प्रश्न के प्रति उत्तर प्रतिशत की गणना करने के लिए किया गया था। प्रश्नावली में प्रश्नों का समावेश उनकी वैधता से निर्धारित किया गया था, जैसा कि समूह 1 में 27 उच्च स्कोरर्स की प्रतिक्रियाओं से पुष्टि की गई थी। स्कोरिंग प्रक्रिया के बाद, 100 प्रश्नावली को प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया था। शीर्ष 27 प्रश्नावली, जिन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त किए, को समूह 1 के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इसके विपरीत, नीचे की 27 प्रश्नावली को समूह 2 को आवंटित किया गया था, जो कम स्कोर वाले उत्तरदाताओं का प्रतिनिधित्व करते थे।

$$P = R / N$$

$$P = \frac{\text{धनात्मकप्रतिउत्तर (Right Responses) (R)}}{\text{कुलप्रतिउत्तर (Total Number Of Responses)(N)}}$$

प्रत्येक प्रश्न के100उत्तरदाताओं में से कुल सही उत्तर देने वालों की संख्या को आर(**R**) अर्थात सही प्रति उत्तर को अंश में जबकि कुल सही उत्तरों की संख्या **100** को एन(**N**) (टोटल नंबर ऑफ राइट रिस्पांस) कुल सही प्रति उत्तर के रूप में प्रदर्शित किया गया इस प्रकार पी(**P**) का मान संदर्भित प्रश्नावली में प्रश्नों का कठिनाई स्तर (डिफिकल्टी लेवल) इंगित करता है यदि हम इन प्रश्नों के पी(**P**) मान को 100 से गुणा करते हैं तो समझना आसान होगा कि प्रश्नों की सहजता व कठिनाई स्तर क्या रही होगी।

विषय विशेषज्ञों एवं जनजाति शोधों पर इस अनुसंधान कार्य में प्रयुक्त प्रश्नावली एवं जनजातीय विशेष के शिक्षा के स्तर को ध्यान में रखते हुए शोधार्थी ने सभी प्रश्नों के कठिनाई स्तर को सरलतम **0.15** व अत्यंत कठिन अर्थात **0.95** तक के प्रश्न विस्तार के बीच चयनित किया।

D का मान समूह एक के एवं समूह **2** के सभी प्रतिउत्तरों का अंतर है।

इस प्रकार प्रश्न संख्या **1, 2, 4, 5, 13, 15, 16, 20, 22, 24, 27, 37,** को प्रश्नावली से विषयगत अनुसंधान कार्य में अंतत शामिल नहीं किया गया हालांकि शोध छात्र ने इन **12** प्रश्नों को अपने अनुसंधान कार्य में शामिल न किया हो लेकिन किसी दूसरे क्षेत्र विशेष अथवा किसी अन्य शोध विषय में इन प्रश्नों की प्रासंगिकता अपने आप में एक नए शोध एवं एक नूतन प्रयोग की संभावना बनाए हुए होगी।

प्रश्न क्रमांक	प्रश्न संकेतक	उच्च प्राप्तांक धारक समूह 27 प्रश्नावलियों के सापेक्ष	निम्न प्राप्तांक धारक समूह 27 प्रश्नावलियों के सापेक्ष	मद प्रश्न विश्लेषण	D = उच्च प्राप्तांक धारक एवं निम्न प्राप्तांक धारक समूहों के मध्य अंतर
1	निर्वाचक पंजीकरण	27	27	1	0
2	आरक्षण प्रमाण पत्र	27	27	1	0
3	पंचायत सभा में प्रतिभाग	26	10	0.75	16
4	मतदान	27	27	1	0
5	निर्वाचन में उम्मीदवार	0	0	0.05	0
6	राजनीतिक रैली	27	4	0.71	23
7	वयस्क मताधिकार की आयु	27	1	0.54	26
8	जनप्रतिनिधि से मुलाकात	27	21	0.93	6
9	योजना का लाभ	27	24	0.95	3
10	मूल अधिकार	27	0	0.35	27
11	निर्वाचक प्रक्रिया	20	0	0.22	20
12	मत के बदले धन	27	24	0.94	3
13	प्रशासनिक अधिकारी से मुलाकात	5	0	0.11	5
14	मूल कर्तव्य	24	0	0.38	24
15	जागरूकता शिविर	27	27	1	0
16	जनजातीय संगठन	27	27	0.99	0
17	जनजातीय कार्य मंत्रालय	13	0	0.16	13
18	थारु महिला का निर्वाचन	27	26	0.95	1
19	इन्टरमीडिएट कॉलेज	15	5	0.38	10
20	समान शिक्षा व्यवस्था	27	27	0.99	0
21	संसद के दो सदन	26	0	0.43	26
22	सांसद का चुनाव	0	0	0	0

23	विधानमण्डल के दो सदन	14	0	0.23	14
24	विधायक का चुनाव	0	0	0	0
25	त्रिस्तरीय ग्रामीण स्वशासन	27	1	0.63	26
26	ग्राम पंचायत का चुनाव	25	27	0.95	2
27	विकासखण्ड का चुनाव	0	0	0	0
28	जिला परिषद का चुनाव	27	20	0.92	7
29	राष्ट्रपति का चुनाव	26	1	0.43	25
30	जनजातीय राष्ट्रपति	27	1	0.59	26
31	राज्य में सरकार	27	14	0.84	13
32	केंद्र में सरकार	27	15	0.85	12
33	चुनाव लड़ना पसंद करेंगे	23	0	0.42	23
34	देश के आजाद होने की तिथि	27	7	0.75	20
35	नेपाल राजतंत्रिक था	18	0	0.40	18
36	नेपाल प्रजातान्त्रिक है	25	0	0.46	25
37	भारतीय सेना में नेपाल के नागरिक	8	0	0.11	8
38	नेपाल हमेशा से आजाद देश	15	0	0.23	15
39	भारत नेपाल में परस्पर आवागमन	27	2	0.66	25
40	संविधान में जनजातियों का संरक्षण	23	0	0.28	23

राजनीतिक जागरूकता मापने की प्रश्नावली

(देवी पाटन मण्डल के थारु जनजाति के विशेष संदर्भ में)

भौगोलिक विशिष्टता-

नाम- आयु/जन्म वर्ष -

पता-

शैक्षणिक स्तर- लिंग -

सामाजिक आर्थिक स्तर-

व्यवसाय- स्वनियोजित ( ) सरकारी नौकरी ( )

कृषि ( ) अन्य ( )

मासिक आय-

1. **क्या आप अपने क्षेत्र की निर्वाचक नामावली/ मतदाता सूची में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं ?** हाँ ( ) नहीं ( )
2. **क्या आपके पास सामाजिक आरक्षण का प्रमाण पत्र है ?** हाँ ( ) नहीं ( )
3. **क्या आपने कभी अपने गाँव की पंचायत सभा में प्रतिभाग किया है ?** हाँ ( ) नहीं ( )
4. **क्या अभी हाल ही में हुए किसी निर्वाचन में आपने मतदान किया है ?** हाँ ( ) नहीं ( )
5. **क्या आप किसी प्रजातान्त्रिक चुनाव में उम्मीदवार के रूप में निर्वाचन प्रक्रिया में खड़े हुए हैं ?** हाँ ( ) नहीं ( )
6. **क्या आप कभी किसी राजनीतिक रैली में गए हैं ?** हाँ ( ) नहीं ( )
7. **क्या आपको वयस्क मताधिकार की न्यूनतम आयु का ज्ञान है ?** हाँ ( ) नहीं ( )
8. **क्या कभी किसी विधायक / सांसद / जनप्रतिनिधि से आपने कोई भेंट/मुलाकात की है ?**हाँ ( ) नहीं ( )
9. **क्या आपको कभी शासन की किसी योजना का लाभ मिला है ?** हाँ ( ) नहीं ( )
10. **क्या आपको भारतीय नागरिकों के मूल अधिकारों का ज्ञान है ?**हाँ ( ) नहीं ( )
11. क्या आप निर्वाचन प्रक्रिया के नियमों के बारे में जानते हैं ? हाँ ( ) नहीं ( )
12. क्या मत के बदले धन ,शराब या अन्य कोई वस्तु लेना अनुचित है ? हाँ ( ) नहीं ( )
13. क्या आप कभी किसी प्रशासनिक अधिकारी से मिले हैं ? हाँ ( ) नहीं ( )
14. क्या आपको संविधान के अंतर्गत अपने मूल कर्तव्यों का ज्ञान है ? हाँ ( ) नहीं ( )
15. क्या सरकार अथवा प्रशासन द्वारा आपके ग्राम में किसी प्रकार केजागरूकता अथवा किसी विशेष योजना सेसम्बन्धित शिविर काआयोजनहुआ है ? हाँ ( ) नहीं ( )
16. क्या आपके ग्राम अथवा समाज के लोगों द्वारा किसी गैर सरकारीजनजातीय संगठन का निर्माण किया गया है ? हाँ ( ) नहीं ( )

17. क्या आपको जनजातीय कार्य मंत्रालय के बारे में पता है ?
 हाँ ( ) नहीं ( )
18. क्या आपके परिवार अथवा परिचय की किसी थारु महिला ने किसी निर्वाचन में उम्मीदवार के रूप में भाग लिया है ?
 हाँ ( ) नहीं ( )
19. क्या आपके ग्राम से 3 किमी. दूरी के भीतर कोई इंटरमीडिएट कॉलेज है? हाँ ( ) नहीं ( )
20. क्या आप लड़कियों के लिए लड़कों के समान शिक्षा व्यवस्था के समर्थक हैं ?हाँ ( ) नहीं ()
21. क्या आपको जानकारी है की संसद के दो सदन(राज्यसभा तथा लोकसभा) हैं ? हाँ () नहीं ()
22. क्या आपकी जनजाति से किसी ने सांसद का चुनाव लड़ा है? हाँ ( ) नहीं ( )
23. क्या आपको जानकारी है कि राज्य विधान मण्डल के दो सदन (विधानसभा तथा विधानपरिषद) हैं ? हाँ ( ) नहीं ( )
24. क्या आपकी जनजाति से किसी ने विधायक का चुनाव लड़ा है? हाँ ( ) नहीं ( )
25. क्या आपको जानकारी है की उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय ग्रामीण स्वशासन (ग्राम पंचायत, विकासखण्ड एवं जिला परिषद) प्रणाली है ? हाँ ( ) नहीं ( )
26. क्या आपकी जनजाति से किसी ने ग्राम पंचायत(ग्राम प्रधान अथवा पंचायत सदस्य) काचुनाव लड़ा है ? हाँ ( ) नहीं ( )
27. क्या आपकी जनजाति से किसी ने विकासखण्ड (प्रमुख अथवा सदस्य)का चुनाव लड़ा है ? हाँ ( ) नहीं ( )
28. क्या आपकी जनजाति से किसी ने जिला परिषद (अध्यक्ष अथवा सदस्य) का चुनाव लड़ा है ? हाँ ( ) नहीं ( )
29. क्या आपको जानकारी है की किसी भी जनजाति से कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा है? हाँ ( ) नहीं ( )
30. क्या आपको पता है कि हमारे देश की राष्ट्रपति जनजाति समूह से हैं ?हाँ () नहीं ( )
31. क्या आपको जानकारी है की वर्तमान समय में राज्य में किस राजनीतिक दल की सरकार है ? हाँ ( ) नहीं ( )
32. क्या आपको जानकारी है की वर्तमान समय में केंद्र में किस राजनीतिक दल की सरकार है ? हाँ ( ) नहीं ( )
33. यदि आपको प्रत्याशी बनाया जाए तो क्या आप चुनाव लड़ना पसंद करेंगे ? हाँ ( ) नहीं ( )
34. क्या आपको जानकारी है की हमारा देश भारत 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से आजाद हुआ था ?हाँ ( ) नहीं ( )
35. क्या आपको जानकारी है की भारत का पड़ोसी देश नेपाल राजतंत्रिक (राजा का शासन) था ? हाँ ( ) नहीं ( )

36. क्या आपको जानकारी है की वर्तमान में नेपाल में राजशाही समाप्त हो चुकी है तथा नेपाल अब एक प्रजातान्त्रिक शासन व्यवस्था वाला देश है ? हाँ ( ) नहीं ( )
37. क्या आपको जानकारी है कि नेपाल के नागरिक भारत की सेना में सेवा दे सकते हैं ? हाँ ( ) नहीं ( )
38. क्या आपको जानकारी है की हमारा पड़ोसी देश नेपाल हमेशा से एक आजाद देश रहा है ? हाँ ( ) नहीं ( )
39. क्या आप जानते हैं की भारत व नेपाल के नागरिकों को भारत अथवा नेपाल में आवागमन के लिए किसी प्रकार के पासपोर्ट अथवा वीजा की आवश्यकता नहीं है ? हाँ ( ) नहीं ( )
40. क्या आपको जानकारी है की भारत के संविधान में जनजातियों के संरक्षण हेतु विशेष प्रावधान है ? हाँ ( ) नहीं ( )

प्रश्नावली उत्तरित्त करने का स्थान -

संदर्भ :

1. अस्थाना विपिन एट आल (2020), अग्रवाल पब्लिकेशन्स, शैक्षिक अनुसंधान एवं सांख्यिकीय।
2. सिंह अरुण कुमार (2021),मोतीलाल बनारसीदास, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ।
3. डॉ यादव सियाराम(2021), अग्रवाल पब्लिकेशन्स, पाठ्यक्रम विकास ।
4. जैन टी. आर., ओहरी वी. के.(2022), वी के पब्लिकेशन्स, आर्थिक सांख्यिकी ।
5. डॉ कपिल एच. के. (2022),एच पी भार्गव बुक हाउस, अनुसंधान विधियाँ ।

***